पंजाब केसरी 04/01/2025

रोड सेफ्टी क्विज में जी.एम.एन. कॉलेज के सुमित ने हासिल किया प्रथम स्थान

अम्बाला, 3 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के छात्र सुमित ने रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता के अगले चरण में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पुलिस डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने सुमित को कॉलेज में सम्मानित करते हुए कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सुमित एक बेहतरीन उदाहरण बना है। कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष डा. एस.एस. नैन ने कहा कि सुमित की लगातार तीसरी बार की उपलब्धि पर अत्यधिक गर्व है।

छात्र प्रगति एवं पूर्वोत्तर छात्र प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि चौथे चरण में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर हम सभी अध्यापकों को गौरवान्वित किया है, परंतु अभी सुमित की प्रतियोगिता के अगले 2 चरण और हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सुमित को पुलिस अधीक्षक द्वारा एक मैडल, प्रशस्ति प्रमाणपत्र तथा एक पुरस्कार मिला है। जी.एम.एन. कॉलेज सदा से ही अपने छात्रों की प्रगति के लिए उनके साथ रहा है तथा हमारे छात्र हमारा गर्व रहे हैं।



रोड सेफ्टी क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के छात्र सुमित को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)